# स्वच्छ वायु सर्वेक्षण पुरस्कार 2024

स्रोत: पी.आई.बी.

## चर्चा में क्यों?

हाल ही में केंद्रीय पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्री एवं राजस्थान के मुख्यमंत्री ने जयपुर में **अंतरराष्ट्रीय स्वच्छ वायु नील गगन दिवस (स्वच्छ वायु दिवस) के अवसर पर स्वच्छ वायु सर्वेक्षण पुरस्कार 2024 प्रदान किया।**

**नोट:**

- **प्रत्येक वर्ष 7 सितंबर को अंतर्राष्ट्रीय स्वच्छ वायु नील गगन दिवस मनाया जाता है ताकि** वायु गुणवत्ता में सुधार के लिये जागरूकता बढ़ाई जा सके और कार्रवाई की जा सके। **संयुक्त राष्ट्र महासभा (UNGA) ने वर्ष 2019 में इसकी घोषणा की थी।**

## स्वच्छ वायु सर्वेक्षण पुरस्कार 2024 क्या है?

**पुरस्कार के बारे में:**

- स्वच्छ वायु सर्वेक्षण पुरस्कार, 2024, जनसंख्या के आधार पर तीन श्रेणियों में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले **राष्ट्रीय स्वच्छ वायु अभियान (NCAP)** शहरों को प्रदान किया गया। विजेता शहर हैं:
  - **श्रेणी-1 (10 लाख से अधिक जनसंख्या):** सूरत, जबलपुर और आगरा।
  - **श्रेणी-2 (3-10 लाख के बीच जनसंख्या):** फिरोजाबाद, अमरावती और झाँसी।
  - **श्रेणी-3 (3 लाख से कम जनसंख्या):** रायबरेली, नलगोंडा और नालागढ़।
- विजेता शहरों के नगर आयुक्तों को नकद पुरस्कार, ट्रॉफी और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया।

**स्वच्छ वायु सर्वेक्षण (SVS):**

- **परिचय:**
  - स्वच्छ वायु सर्वेक्षण (SVS) **पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय** (**MoEFCC**) द्वारा 131 **गैर-प्राप्त शहरों में शहर कार्य योजना (NCAP)** के तहत अनुमोदित गतिविधियों के कार्यान्वयन और वायु गुणवत्ता के आधार पर शहरों को रैंक करने की एक नई पहल है।
    - यदि **5 वर्ष की अवधि** में वे **लगातार PM10 या NO2 के लिये राष्ट्रीय परिवेशी वायु गुणवत्ता मानकों (NAAQS)** को **पूरा नहीं करते** हैं **तो** शहरों को **गैर-प्राप्त घोषित** किया जाता है।
  - शहरों का वर्गीकरण की जनगणना- 2011 के आधार पर किया गया है।
- **मानदंड:** शहरों का मूल्यांकन आठ प्रमुख बिंदुओं पर किया गया:
  - बायोमास पर नियंत्रण
  - नगरपालिका के ठोस अपशिष्ट को जलाना
  - सड़क की धूल
  - निर्माण और विध्वंस अपशिष्ट से निकलने वाली धूल
  - वाहनों से निकलने वाला उत्सर्जन
  - औद्योगिक उत्सर्जन
  - सार्वजनिक जागरूकता
  - PM10 सांद्रता में सुधार


# राष्ट्रीय स्वच्छ वायु अभियान (National Clean Air Campaign- NCAP)

- **परिचय:** राष्ट्रीय स्वच्छ वायु कार्यक्रम (NCAP) का उद्देश्य सभी हितिधारकों को शामलि करके और आवश्यक कार्रवाई सुनश्चिति करके **वायु प्रदूषण** को व्यवस्थति रूप से नयिंत्रति करना है।
  - NCAP के तहत **शहर-वशिष्टि कार्य योजनाओं के कार्यान्वयन के लयि 131 शहरों की पहचान** की गई है।
- **लक्ष्य:** यह **समयबद्ध कमी लक्ष्य** के साथ वायु गुणवत्ता प्रबंधन के लयि राष्ट्रीय फ्रेमवर्क तैयार करने का **देश का पहला प्रयास** है।
  - इसका उद्देश्य आधार **वर्ष 2017 के साथ आगामी पाँच वर्षों में भारी** (व्यास 10 माइक्रोमीटर या उससे कम या PM10 के कण पदार्थ) और महीन कणों (व्यास 2.5 माइक्रोमीटर या उससे कम या PM2.5 के कण पदार्थ) के संकेंद्रण में कम-से-कम 20% की कमी लाने का प्रयास करना है।
- **नगिरानी:** पर्यावरण, वन और जलवायु परविर्तन मंत्रालय द्वारा "**PRANA**" **पोर्टल** भी लॉन्च कयाि गया है।
  - NCAP के कार्यान्वयन की नगिरानी करना।
  - शहरों की कार्ययोजनाओं और कार्यान्वयन की स्थतिि की नगिरानी करना।
  - शहरों द्वारा अपनाई गई सर्वोत्तम प्रथाओं को दूसरों के लयि अनुकरणीय बनाना।

# स्वच्छ वायु के संबंध में सरकार की क्या पहल हैं?

- वाहन स्क्रैप नीतिि
- अपशष्टि से संपदा अभयािन
- 'एक पेड़ माँ के नाम' कार्यक्रम
- मशिन लाइफ
- आइडयिाज़4लाइफ अभयािन

//



## UPSC सविलि सेवा परीक्षा, वगित वर्ष के प्रश्न (PYQ)

### ??????????

**प्रश्न. राष्ट्रीय हरति अधकिरण (एन.जी.टी.) कसि प्रकार केंद्रीय प्रदूषण नयिंत्रण बोर्ड (सी.पी.सी.बी.) से भन्नि है? (2018)**

1. एन.जी.टी. का गठन एक अधनियिम द्वारा कयिा गया है जबकसिी.पी.सी.बी. का गठन सरकार के कार्यपालक आदेश से कयिा गया है।
2. एन.जी.टी. पर्यावरणीय न्याय उपलब्ध कराता है और उच्चतर न्यायालयों में मुकदमों के भार को कम करने में सहायता करता है जबकसिी.पी.सी.बी. झरनों तथा कुँओं की सफाई को प्रोत्साहति करता है एवं देश में वायु की गुणवत्ता में सुधार लाने का लक्ष्य रखता है।

**उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?**

(a) केवल 1
(b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों
(d) न तो 1, न ही 2

**उत्तर: (b)**

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/swachh-vayu-survekshan-award-2024